

## एक नजर में

### पुलिस ने चलाया रात में विशेष चेकिंग अभियान



**बुरहानपुर।** आगामी त्योहारों एवं रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में बुरहानपुर पुलिस द्वारा जिले के सभी आठ थाना क्षेत्रों में एक साथ रात्रिकालीन विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे एवं नगर पुलिस अधीक्षक विनोद सिंह कुशवाह सहित जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस बल ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में मैदान में उतरकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन जांच की। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रात्रि में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नियमित रूप से आकस्मिक चेकिंग एवं पेट्रोलिंग जारी रखी जाए। पुलिस अधीक्षक ने दिए निर्देश' पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि जिले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात्रिकालीन गश्त को प्रभावी बनाया जाए। संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर सतत निगरानी रखते हुए अपराध की रोकथाम हेतु सक्रिय एवं सतर्क पुलिसिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रमुख चौराहोंए संवेदनशील क्षेत्रों एवं शहर के प्रवेश.निकासी मार्गों पर समय.समय पर आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया जाए।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक



**बुरहानपुर।** जिले में 17 सितम्बर से जारी सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय, बुरहानपुर में नुक्कड़ नाटक एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नेपानगर के जागृति कला केन्द्र के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रभावी मंचन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी.कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मेरे सपनों का भारत एवं ष्विकसित भारत.2047 की परिकल्पना को केंद्र में रखते हुए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों एवं देशहित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कलाकारों ने प्रभावी संवाद एवं प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को शासन की योजनाओं से जुड़कर विकास में सहभागी बनने का संदेश दिया। इसी क्रम में राहगीर योजना के अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को लेकर भी जागरूकता लायी गयी। विद्यार्थियों एवं नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करन, सड़क पर सुरक्षित तरीके से आवागमन करने तथा स्वयं के साथ.साथ अन्य राहगीरों की सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में देशहित, सामाजिक जिम्मेदारीए सड़क सुरक्षा एवं जागरूक नागरिक बनने की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति को विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों ने सराहा।

### वडनगर-वाराणसी सेवा संकल्प यात्रा



**खकनार।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी तक निकल रही सेवा संकल्प यात्रा के खकनार मंडल में आगमन एवं प्रस्तावित युवा सम्मेलन को लेकर आज खकनार में भाजपा मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने ने यात्रा एवं युवा सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की। डॉ.मनोज माने ने कहा कि यात्रा के खकनार मंडल में पहुंचने पर प्रत्येक स्थान पर व्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण स्वागतए युवा सम्मेलन की बेहतर व्यवस्था तथा अधिक से अधिक युवाओं एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मंडल अध्यक्षए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम से जुड़ी जिम्मेदारियों का समन्वयपूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री निलेश चौकसे जीए खकनार मंडल अध्यक्ष महेंद्र जोगी, भाजपा जिला महामंत्री ईश्वर चौहान, जिला मंत्री सुनील वाघे, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भरत रावल, सेवा संकल्प अभियान के यात्रा प्रभारी ओम चौकसे, गणेश पाटील, पवन महाजन व शुभम यादव सहित मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जल जन सेवा संकल्प यात्रा : तैयारी की सांसद, विधायक और जिलाध्यक्ष ने संभाली कमान



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर निकाली जा रही राष्ट्रव्यापी जल जन सेवा संकल्प यात्रा के नेपानगर आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, नेपानगर विधायक मंजू दादू एवं भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने ने कार्यकर्ताओं के साथ तैयारियों की समीक्षा की और कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारियां सौंपीं। सांसद, विधायक और जिलाध्यक्ष ने नेपानगर के भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर यात्रा के स्वागतए कार्यक्रम की व्यवस्थाओं एवं जनभागीदारी को लेकर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अलग.अलग दायित्व सौंपते हुए आपसी समन्वय के साथ तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

इसके बाद तीनों जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर हर्ष सिंह एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के साथ नेपा ऑडिटोरियम स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। यहां मंच, बैठक व्यवस्था, सुरक्षाए यातायात, पार्किंग, साथ ही यात्रा में आने वाले अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं के ठहरने की होटल व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की।

24 सितंबर को कार्यक्रम :- जल जन सेवा संकल्प यात्रा 23 सितंबर को बुरहानपुर जिले में प्रवेश कर नेपानगर पहुंचेगी। 24 सितंबर को सुबह 9 बजे नेपा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी सहभागिता करेंगे। यात्रा को लेकर नेपानगर में उत्साह का वातावरण है। इस दौरान सेवा संकल्प अभियान के जिला संयोजक मनोज टंडन, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मधु चौहान, राजेश चौहान, सौजन तिवारी, रामकृष्ण अग्रवाल, मनोज माहेश्वरी, सरोज मुहासे, आदित्य प्रजापति, युवा मोर्चा अध्यक्ष भारत रावल, ईश्वर चौहान, महामंत्री अमित वारुडे, मंडल अध्यक्ष नीलेश महाजन, विक्रम चौहान, सुनील वाघे, रवि मालानी, राहुल यादव सहित पार्षद, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## नेपानगर मंडल में बैठक, डॉ .मनोज माने ने दिए आवश्यक निर्देश



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही सेवा संकल्प यात्रा के नेपानगर विधानसभा से गुजरने को लेकर आज नेपानगर भाजपा मंडल कार्यालय में महत्वपूर्ण मंडल बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉण् मनोज माने ने यात्रा की तैयारियोंए स्वागत व्यवस्था एवं विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

डॉ. मनोज माने ने कहा कि सेवा संकल्प यात्रा सेवाए समर्पणए जनभागीदारी एवं राष्ट्र निर्माण का संदेश लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने मंडल के समस्त पदाधिकारियोंए जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं को यात्रा के भव्यए सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक स्वागत के लिए जिम्मेदारियां सौंपते हुए अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में यात्रा मार्ग, स्वागत स्थलों, विभिन्न कार्यक्रमों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही मंडल के समस्त वार्डों, कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों को सक्रिय भूमिका निभाने तथा यात्रा के दौरान सभी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नेपानगर विधायक सुश्री मंजू राजेंद्र दादू, मंडल अध्यक्ष नीलेश महाजन, भाजपा जिला महामंत्री ईश्वर चौहान, जिला मंत्री सुनील वाघे, सेवा संकल्प यात्रा प्रभारी श्री ओम चौकसे, मंडल महामंत्री राहुल यादव जी सहित मंडल के समस्त जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने वडनगर से वाराणसी तक सेवा और राष्ट्र निर्माण का संदेश लेकर आ रही यात्रा के स्वागत एवं सफल आयोजन का संकल्प लिया।

## उमंग दिवस के तहत किए कई कार्यक्रम



**नेपानगर।** पीएम श्री शासकीय उमावि में मंगलवार को उमंग दिवस मनाया गया। इस दौरान संकुल स्तरीय सेवा संकल्प अभियान गतिविधियां आयोजित की गई। भाषण, चित्रकला हुई जिसमें संकुल स्तर की सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि नेपानगर सेवा संकल्प अभियान प्रभारी शंकर चौहान, सह संयोजक छाया गुडगे, समाजसेवी अमर सिंह पंवार शामिल हुए। विद्यार्थियों ने मेरे सपनों का भारत विषय पर वक्तव्य और चित्र के माध्यम से विकसित भारत को दर्शाने का प्रयास किया। वक्ता शंकर चौहान ने विकसित भारत की संकल्पना को विद्यार्थियों के सामने पेश किया। पर्यवेक्षक प्रगति खराड़िया, उमंग काउंसलर करण राठौर, किरण पटेल अतिथि के बतौर शामिल हुए।

## गणेश मंडलों में पहुंचे सांसद पाटील, टीम के साथ दोपहिया पर किया शहर भ्रमण





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** गणेशोत्सव के अवसर पर विगत रात्रि खंडवा लोकसभा सांसद श्री ज्ञानेश्वर जी पाटील जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं के साथ शहर के विभिन्न गणेश मंडलों में पहुंचे। खास बात यह रही कि शहर भ्रमण के दौरान सांसद फोर व्हीलर के बजाय टीम के साथ दोपहिया वाहनों पर निकले और अलग.अलग क्षेत्रों में पहुंचकर गणेश प्रतिमाओं के दर्शन किए।

सांसद पाटील ने प्रतापपुराए सिलमपुराएसिटी पैलेस के पास, राजपुरा, प्रतापपुरा, तिलकवार्ड, सिंधीपूरा, मालीवाड़ा, रास्तीपुरा, डाकवाड़ी, सिंधीबस्ती, इंदिरा कॉलोनी, लालबाग सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित गणेश मंडलों में भगवान श्री गणेश की पूजा.अर्चना एवं आरती की। उन्होंने मंडलों द्वारा तैयार की गई झांकियों का अवलोकन किया और आयोजन से जुड़े युवाओं एवं सदस्यों से चर्चा की।

विभिन्न गणेश मंडलों में पौराणिक कथाओं, आध्यात्मिक संदेशों, संस्कारों और भारतीय संस्कृति को झांकियों के माध्यम से आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया था। सांसद ने युवाओं की मेहनत, रचनात्मकता और श्रद्धाभाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और पौराणिक ज्ञान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं।

इस दौरान सार्वजनिक गणेश उत्सव समितियों एवं मंडल सदस्यों द्वारा सांसद पाटील सहित जन प्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत एवं स्नेह के लिए सांसद ने सभी मंडल पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। सांसद पाटील ने भगवान श्री गणेश से बुरहानपुर वासियों के सुख, शांति, समृद्धि, आरोग्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की इस दौरान पूर्व महापौर अतुल पटेल, किशोर शाह, पंकज नाटाणी, मनोज टंडन, आदित्य प्रजापति, डॉ वाभले, पार्षद भारत इंगले, नितेश दलाल, भरत मराठे, राजेश महाजन, अशोक महाजन, हेमंत महाजन, रवि सिंगोतिया, प्रियम पाटील, अभिनव, जीतू, पवन चौहान आदि मौजूद रहे।

## सेवा संकल्प अभियान : रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से टीबी मरीजों को पौष्टिक खाद्य सामग्री वितरीत



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बुरहानपुर द्वारा टीबी के मरीजों के लिए विशेष खाद्य सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

मरीजों को टीबी के संक्रमण और इससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि बिना किसी लापरवाही के टीबी का पूर्ण इलाज अवश्य करवाएं।

कार्यक्रम में मरीजों को जागरूक करते हुए कहा गया कि टीबी को हराने के लिए समय पर दवाइयां लेना और कोर्स पूरा करना बेहद जरूरी है। जानकारी दी कि जिला चिकित्सालय में टीबी के इलाज के लिए सभी आवश्यक औषधियां पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उपस्थित लगभग 80 टीबी मरीजों को पौष्टिक खाद्य सामग्री की किट वितरित की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

कार्यक्रम में चेयरमैन सुमित बोरले, कीमतराय मतवानी, विजय पाटिल, नोडल अधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी, प्रदीप मित्तल, रुद्रेश्वर एंडोले, प्रभाकर चौधरी, शांताराम महाजन, संतोष श्रॉफ, आशीष शुक्ला, नंदकिशोर जांगडे अन्य पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मोहना संगम पर भगवान का नौका विहार



**बुरहानपुर।** जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर स्वामीनारायण मंदिर के संतों एवं हरिभक्तों ने मोहना संगम पहुंचकर भगवान की प्रतिमा का नौका विहार कराया। भगवान स्वामीनारायण के नीलकंठ वर्णी स्वरूप में बुरहानपुर आगमन की स्मृतियों से जुड़े इस पवित्र स्थल पर संतों ने भजन.कीर्तन एवं रास के साथ जलझूलनी एकादशी उत्साहपूर्वक मनाई। आयोजन संत कोठारी पी.पी. स्वामी चंद्रप्रकाश स्वामी शास्त्री, चिंतनप्रियदासजी शास्त्री तथा पार्षद दिनेश भगत के सानिध्य में हुआ।

स्वामीनारायण संप्रदाय की मान्यता के अनुसार भगवान स्वामीनारायण ने बाल्यावस्था में गृह त्याग के बाद नीलकंठ वर्णी के रूप में भारतभर में पदयात्रा करते हुए अनेक तीर्थों का भ्रमण किया था। इसी आध्यात्मिक यात्रा के दौरान नीलकंठ वर्णी बुरहानपुर क्षेत्र में पहुंचे थे।

मोहना संगम को भगवान स्वामीनारायण की इसी आध्यात्मिक यात्रा की स्मृतियों से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल माना जाता है। यही कारण है कि स्वामीनारायण संप्रदाय के अनुयायियों के लिए मोहना संगम धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक स्मृति का महत्वपूर्ण केंद्र है। इस अवसर पर मंदिर के ट्रस्टी नटवर भगत, श्री सकल पंच गुजराती मोड़ वणिक समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश दलाल, हरिभक्त किशोर शाह, गोपाल देवकर, उपेंद्र गुजराती, अजय सुगंधी हार्डवेयर वाले, रामकिसन दास मिस्त्री, रामकिशन शाह, उमेश शाह, पंकज शाह, वीरेंद्र शाह सहित भक्ति मंडल सदस्य हरिभक्त मौजूद रहे।

## मेरे सपनों का भारत : दिव्यांग विद्यार्थियों की भाषण-चित्रकला पर सुंदर प्रस्तुति



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला बुरहानपुर के मुख्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी एवं म.प्र.राज्य मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव के मार्गदर्शन में हम सबका भारत कैसा हो इस बात को देश की युवा पीढ़ी ने अपने अपने कौशल भाषण प्रर्तियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से जायंट्स चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित मूकबधिर अंध विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने अपने भाषण एवं चित्रकला के माध्यम से सुंदर प्रस्तुतिया प्रस्तुत की।

प्रधानमन्त्री सेवा संकल्प अभियान में मेरे सपनो का भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त छात्र एवं छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मिडिया प्रभारी मुकेश कुमार पूर्वे एवं विशेष अतिथि के रूप में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल अध्यक्ष रवि काकडे, पूर्व पार्षद एवं पुर्व निगम चेयरमेन किशोर राठौर, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता किशोर कामठे एवं पत्राकर संजय यावलकर इस अवसर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर जायंट्स चेरिटेबल ट्रस्ट मूकबधिर अंध विद्यालय के अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, सचिव महेंद्र जैन के साथ साथ शाला का समस्त स्टाफ, विद्यार्थीगण उपस्थित थे। मूकबधिर अंध विद्यालय के स्पेशल दिव्यांग छात्र एवं छात्राओं ने ष्मेरे सपनों का भारतष् विषय पर राष्ट्रीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के आयोजन में सहभागिता कर सुंदर प्रस्तुतिया प्रस्तुत की। इन प्रतियोगिता में भाग लेने पर मूकबधिर अंध विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को मण्प्रण् शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं मंत्री परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र.शासन उदय प्रताप सिंह के हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव से विधायक अर्चना चिटनिस की मुलाकात

# विकास, औद्योगिक विस्तार, सड़क अधोसंरचना, श्रमिक और जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर की चर्चा



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर बुरहानपुर के विकास, औद्योगिक विस्तार, सड़क अधोसंरचना, श्रमिक हित तथा जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बुरहानपुर विधानसभा एवं जिले के विकास से जुड़े अनेक विषय मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से गति देने का आग्रह किया। भेंट के दौरान बुरहानपुर में निमाड़ इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को शीघ्र आयोजित करने, रेहटा. खड़कोद औद्योगिक क्षेत्र के पहुंच मार्ग का निर्माण, मोहम्मदपुरा औद्योगिक क्लस्टर के विकास, बहादरपुर सहकारी सूत मिल के श्रमिकों के ग्रैन्युटी भुगतान, महत्वपूर्ण सड़कों को बजट में शामिल करने एवं सड़क मरम्मत के लिए बजट बढ़ाने सहित अनेक विषयों पर चर्चा हुई।

**औद्योगिक क्षेत्र और क्लस्टर के विकास पर चर्चा:-** श्रीमती अर्चना चिटनिस ने रेहटा.खड़कोद औद्योगिक क्षेत्र के पहुंच मार्ग के निर्माण का विषय मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र तक बेहतर कनेक्टिविटी उद्योगों के संचालन, परिवहन और नए निवेश के लिए महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में मोहम्मदपुरा औद्योगिक क्लस्टर के विकास से जुड़े विषय पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने क्लस्टर में आवश्यक अधोसंरचना एवं सुविधाओं के विस्तार तथा औद्योगिक गतिविधियों को गति देने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही का आग्रह किया। श्रीमती चिटनिस ने बुरहानपुर में उद्योगों के विस्तारए मौजूदा औद्योगिक इकाइयों की आवश्यकताओं और नए निवेश की संभावनाओं को लेकर भी मुख्यमंत्री से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर की कृषि, टेक्सटाइल एवं अन्य क्षेत्रों की क्षमता को उद्योगों से जोड़कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है।

**मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के क्रियान्वयन और नवाचारों की जानकारी दी:-** भेंट के दौरान श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर में संचालित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव को विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों, जनसहभागिता तथा स्थानीय स्तर पर किए जा रहे नवाचारों की जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से जनहित से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने और आमजन तक योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

**बुरहानपुर के समग्र विकास पर निरंतर संवाद:-** भेंट के दौरान बुरहानपुर विधानसभा एवं जिले में चल रहे तथा प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी भी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को दी गई।

### निमाड़ इंडस्ट्री कॉन्क्लेव शीघ्र आयोजित करने का आग्रह

अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से बुरहानपुर में प्रस्तावित निमाड़ इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को शीघ्र आयोजित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अपने बुरहानपुर प्रवास के दौरान बुरहानपुर में निमाड़ इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए जाने की घोषणा की थी। उन्होंने मुख्यमंत्री को बुरहानपुर सहित संपूर्ण निमाड़ क्षेत्र की औद्योगिक संभावनाओं से अवगत कराया। कृषि एवं उद्यानिकी आधारित उद्योगों, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, डेयरीए शुगर, एथेनॉल सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव के माध्यम से क्षेत्र की औद्योगिक क्षमता को सामने लानेए निवेश को प्रोत्साहित करने और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में कार्य किया जा सकता है।

**बहादरपुर सहकारी सूत मिल के श्रमिकों के ग्रैज्युटी भुगतान का विषय:-** श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बहादरपुर सहकारी सूत मिल के श्रमिकों के लंबित वेतनए ग्रैच्युटी एवं अन्य स्वत्वों के भुगतान से जुड़े विषय को भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा। उन्होंने श्रमिकों के हित से जुड़े इस विषय के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया।


